जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

9 अक्टूबर, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया के सरोजिनी नायडू महिला अध्ययन केंद्र ने आकर्षक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के साथ विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के सरोजिनी नायडू महिला अध्ययन केंद्र ने 8 अक्टूबर, 2024 को "माइंड मैटर्स एवरीडे" थीम पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित करके विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया। कार्यक्रम का आयोजन सरोजिनी नायडू महिला अध्ययन केंद्र की निदेशक प्रो बुलबुल धर जेम्स के मार्गदर्शन में किया गया।

प्रतियोगिता का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और उससे जुड़ी समस्याओं का मुकाबला करना था। छात्रों ने अपनी कलाकृति के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य की वकालत के लिए अपनी रचनात्मकता और प्रतिबद्धता व्यक्त की और इसके बारे में बात करने एवं समर्थन मांगने के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही सरोजिनी नायडू महिला अध्ययन केंद्र के छात्रों के सहित अन्य केंद्रों और विभागों के छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी बातों के के बारे में जागरूक किया गया। पोस्टर मेकिंग के माध्यम से छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता फैलाने और इसके बारे में बात करने एवं समर्थन मांगने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

प्रो. बुलबुल धर जेम्स ने यह कहा कि , "हमारा मानना है कि इस प्रकार की पहल हमारे समुदाय, विशेषकर युवाओं को मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के बारे में शिक्षित और संवेदनशील बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।" इसके आगे उन्होंने यह भी कहा कि, "छात्रों को इस महत्वपूर्ण मुद्दे से रचनात्मक रूप से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करके, हम समझ और समर्थन की संस्कृति को बढ़ावा देते हैं"।

इस कार्यक्रम को अच्छी प्रतिक्रिया प्राप्त हुई जिसमें छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और मानसिक स्वास्थ्य की चुनौतियों और रोजमर्रा की जिंदगी में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर अंतर्दृष्टि साझा की।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया